विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2018/4273 दिनांक :11-9-18

-:: अधिसूचना ::-

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित **एलएल.बी.षष्ठम के नियमित/एटीकेटी/पूर्व छात्रों से एम.पी. ऑनलाइन** के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय मे जमा करने की तिथियाँ निम्नानासुर घोषित की जाती है :-

(1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 17 सितम्बर, 2018 से 24 सितम्बर, 2018 तक"

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 25 सितम्बर, 2018 से 27 सितम्बर, 2018 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 28 सितम्बर, 2018 से 30 सितम्बर, 2018 तक"

(4) **विलम्ब शुल्क रू. 2000/- के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 01 अक्टूबर 2018 से परीक्षा प्रारम्भ होने के 05 दिवस पूर्व तक"

नोट :- विश्वविद्यालय द्वारा पुर्नमूल्यांकन/पूर्नगणना के परिणाम में प्रभावित हुए छात्रों के लिये परिणाम घोषित दिनांक से तीन दिवस के लिये बिना विलम्ब शुल्क के खोली जावेगी। पुर्नमूल्यांकन/पूर्नगणना के परिणाम गोपनीय विभाग द्वारा ऑनलाइन सेल को शीघ्र उपलब्ध कराये , ताकि प्रभावित छात्र परीक्षा आवेदन कर सके।

प्रत्येक घोषित समाप्ति तिथि से 02 दिवस में परीक्षा आवेदन पत्र अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की व्यवस्था करें।

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा-निर्देश -

01) प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

02) प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/- प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रू. 10/- प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

03) विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 100/- तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 75/- संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे।

04) परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे। मुद्रित परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने वाले विद्यार्थी परीक्षा शुल्क चालान के द्वारा निर्धारित बैंक में जमा करेंगे।

05) संबंधित प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

06) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात 05 दिवस के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा कराये समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/-(दस रूपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय में जमा कराना होगा।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

क्रमांक/परीक्षा/2018/4274 दिनांक : 11-9-18

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

01. विभागाध्यक्ष/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध अध्ययनशाला/महाविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति अध्ययनशाला/महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निजि सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. वित्ताधिकारी/सहायक कुलसचिव, लेखा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

11/09/18

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)